NBT नवभारत टाइम्स

# मथुरा में नकली शराब बनाने वाली फैक्टरी पर छापा

मथुरा, 26 सितम्बर (भाषा) उत्तर प्रदेश के मथुरा जनपद में पुलिस ने राया थाना क्षेत्र में एक गेस्ट हाउस की आड़ में चलाई जा रही नकली शराब बनाने की फैक्टरी पकड़ी है। आज तड़के मारे गए छापे में पुलिस को बड़ी मात्रा में कच्ची शराब, स्प्रिट, रैपर, ढक्कन आदि सामान का जखीरा मिला है। पुलिस ने मौके से तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बबलू कुमार ने बताया, 'बुधवार की सुबह इंटेलीजैंस विंग एवं राया की स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीम को उस समय बड़ी सफलता मिली, जब मुखबिर की सूचना के

डिसक्लेमर: यह आर्टिकल एजेंसी फीड से ऑटो-अपलोड हुआ है। इसे नवभारतटाइम्स.कॉम की टीम ने एडिट नहीं किया है।

भाषा | Updated: 26 Sep 2018, 07:55:00 PM IST



Print On Fake Liquor Manufacturing Factory In Mathura

मथुरा, 26 सितम्बर (भाषा) उत्तर प्रदेश के मथुरा जनपद में पुलिस ने राया थाना क्षेत्र में एक गेस्ट हाउस की आड़ में चलाई जा रही नकली शराब बनाने की फैक्टरी पकड़ी है। आज तड़के मारे गए छापे में पुलिस को बड़ी मात्रा में कच्ची शराब, स्प्रिट, रैपर, ढक्कन आदि सामान का जखीरा मिला है। पुलिस ने मौके से तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बबलू कुमार ने बताया, 'बुधवार की सुबह इंटेलीजैंस विंग एवं राया की स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीम को उस समय बड़ी सफलता मिली, जब मुखबिर की सूचना के आधार पर राया में मथुरा रोड पर स्थित तोमर गैस्ट हाउस के पीछे बने अहाते में अवैध रूप से चलाई जा रही शराब की फैक्ट्री मिली। पुलिस को छापामारी में नकली शराब बनाने में प्रयोग की जाने वाली सामग्री व तैयार की गई 85 पौआ नकली शराब मिली। जिस पर विन्डीज ब्राण्ड मार्का डला हुआ था। इसके अलावा 50 लीटर क्षमता वाली 12 केन (600 लीटर) स्प्रिट, 295 नकली ढक्कन, 280 गुड ईवनिंग ब्राण्ड के नकली रैपर, व 497 खाली पौए व स्प्रिट की तीव्रता नापने का यंत्र आदि सामग्री बरामद हुई है। इस दौरान शराब बनाने में लगे तीन अभियुक्तों कुंवरपाल , महावन नरेन्द्र सिंह और विरेन्द्र सिंह को गिरफ्तार किया गया है।

Source: https://navbharattimes.indiatimes.com/state/uttar-pradesh/mathura/print-on-fake-liquor-manufacturing-factory-in-mathura/articleshow/65968905.cms?utm_source=tw&utm_medium=Twitter&utm_campaign=web